हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 7 अक्टूबर 2024

तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

11 हरी सब्जियों के कीमत में आया उछाल, उपभोक्ता परेशान



12 कुरुद दशहरा महोत्सव : कविता के पारम्परिक गीतों पर झूमे दर्शक





## नवरात्रि विशेष



### पंचमी : स्कंदमाता

देवी मां का पांचवा स्वरूप स्कंदमाता का है। स्कंदमाता को ही महेश्वरी, गौरी और पार्वती कहते हैं। भगवान स्कंदजी बालरुप में इन्हीं के गोद में विराजते हैं। सौभाग्य की देवी स्कंदमाता असुरों का दमन करने वाली और परम वैभवशाली है। सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक अलौकिक तेज और कांति से संपन्न हो जाता है। कथा है कि एक बार असुर तारकासुर ने घोर तपस्या करके ब्रह्माजी से अक्षत जीवन का वर ले लिया था। बह्माजी ने वरदान तो दे दिया पर कहा कि आना-जाना तो इस सृष्टि का नियम है। इससे कोई नहीं बच सकता। इस पर धूर्त तारकासुर ने वर मांगा कि उनकी मौत हो तो सिर्फ शिवजी के पुत्र के हाथों। बह्माजी ने भी तथास्तु कह दिया। अब तारकासुर निरंकुश हो गया। उसने सोचा न तो शिव कभी विवाह करेगे और उसकी मौत होगी। तारकासुर ने ऐसा उत्पात मचाया कि सारा संसार त्राहि-त्राहि कर उठा। देवगण शिवजी की शरण में पहुंचे और सार व्यथा-कथा कह सुनाई। उनके काफी अनुनय-विनय सदाशिव ने साकार रुप धारण कर पार्वतीजी से विवाह रचाया। कालांतर में शिव-पार्वती कार्तिकेय या स्कंदकुमार ने तारकासुर को यमलोक पहुंचाया। स्कंदमाता के स्वरुप के साथ ही माता और पुत्र संबंध की नींव पड़ी। पांचवे नवरात्र को इन्ही स्कंदमाता की पूजा होती है। शास्त्रों में पांचवे नवरात्रि को पुष्कल का महत्व बताया गया है। स्कंदमाता की चार भुजाएं है। इनका वर्ण शुभ्र है। स्कंदमाता की आराधना के समय साधक मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित रहता है। स्कंदमाता की पूजा करने वाले भक्तों का मन सांसारिक मोहमाया की आरधना का मंत्र है-
नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभ्रदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी।।

## खबर संक्षेप

### चैतन्य देवी झांकी का आयोजन आज से

**आमदी(धमतरी)।** नवरात्रि पर प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा 7 से 10 अक्टूबर तक चैतन्य देवियों की झांकी का आयोजन शांति चौक आमदी में किया गया है। लाइट और साउंड सिस्टम के सुंदर समायोजन के साथ बाल ब्रह्मचारिणी, राजयोग साधनारत ब्रम्हकुमारियों द्वारा देवी मूर्त के रूप में प्रदर्शन किया जाएगा। इसका शुभारंभ बीके सरिता मुख्य संचालिका धमतरी करेंगी। प्रदर्शनी संध्या 6 से रात्रि 9 बजे तक की जायेगी।

### गुजरा में रामधुनी सम्मेलन 8 से

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम गुजरा में ग्रामवासियों के सहयोग से अखंड रामधुनी सम्मेलन का आयोजन 8 से 11 अक्टूबर तक किया जा रहा है। झांकी में 3001 व गायन पक्ष में 2501 रुपए प्रदान किया जायेगा। इस सम्मेलन में दूरदराज की ख्यातिप्राप्त मंडली भाग लेंगी। पंचमी से अष्टमी तिथि तक चलने वाली इस रामधुनी में 24 घंटे श्रीराम का जाप किया जायेगा। शीतला माता मंदिर में 45 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की गई है।



### कौहाबाहरा में डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता 10 से

**नगरी।** ग्राम कौहाबाहरा में शारदीय नवरात्रि पर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 10 और 11 अक्टूबर को किया गया है। प्रतियोगिता की तैयारी में युवा देव समिति के अध्यक्ष सुनील नेताम, उपाध्यक्ष बिंदुलाल नेताम, सचिव माखनलाल नेताम, सहसचिव राजेश जुर्री, कोषाध्यक्ष तरूण नेताम, संरक्षक संतोष मरकाम, रामभरोष यादव, परऊराम यादव, रामेश्वर नेताम, कबिलास नेताम, पंचूराम नेताम, प्रेम मरकाम, जोगीराज टेकाम, खिरभान मरकाम, तरूण नेताम जुटे हैं।

### विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह और डिप्टी सीएम अरूण साव ने जल प्रदूषण पर जताई चिंता

# पृथ्वी में 0.6 प्रतिशत पानी उपयोग लायक, वह भी प्रदूषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

हमारी पृथ्वी 71 प्रतिशत पानी से घिरी हुई है लेकिन 97 प्रतिशत पानी समुद्र का खारा पानी है, जिसे हम पी नहीं सकते। बाकी बचे 3 प्रतिशत में 2.4 प्रतिशत हिस्सा बर्फ के रूप में जमा है, जिसका भी उपयोग हम नहीं कर सकते हैं। इसके बाद मात्र 0.6 प्रतिशत पानी बचता है, जो हमारे उपयोग के लायक है। इस पानी को भी हम बुरी तरह से प्रदूषित कर रहे हैं। उद्योगों का पानी नदियों में जा रहा है। खेती में जहरीली दवाओं का छिड़काव हो रहा है। इसी पानी का उपयोग हम कर रहे हैं। हम पानी नहीं जहर पी रहे हैं। यह बातें विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कही।

रविवार को दो दिवसीय जल जगार महोत्सव का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह और डिप्टी सीएम अरूण साव शामिल हुए। डॉ रमन सिंह सबसे पहले मां अंगारमोती मंदिर पहुंचे और माथा टेका। डिप्टी सीएम श्री साव कबाड़ से जुगाड़ सहित अन्य प्रदर्शनी का निरीक्षण करते हुए जलसभा स्थल पहुंचे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ सिंह ने कलेक्टर नम्रता गांधी और उसके इस आयोजन की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि रहीम ने रहिमन पानी राखिए दोहे के जरिए सालों पहले पानी का महत्व बता दिया था पर हम इसके महत्व को नजरअंदाज कर रहे हैं। पहले धमतरी में 30 फीट खोदने पर ही पानी मिल जाता था। आज 300 फीट में पानी मिल रहा है। उन्होंने बताया कि यही स्थिति रही तो पूरी जमीन मरूस्थल बन जाएगी। डिप्टी सीएम श्री साव ने कहा कि गंगरेल बांध किनारे जल संरक्षण पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चिंतन हुआ। यह मील का पत्थर साबित होगा। विश्व के सामने जो जल संकट आने वाला है, उससे बचने का एकमात्र उपाय जल संचयन और जल संरक्षण है। जिस प्रकार पीएम के आह्वान पर स्वच्छता एक जन आंदोलन बना। उसी प्रकार जल संरक्षण के लिए अभियान चलाने की जरूरत है। लोग इससे जुड़ेंगे तभी जल संरक्षण होगा। कार्यक्रम को सांसद रूपकुमारी चौधरी और भोजराज नाग ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में राजिम विधायक रोहित साहू, प्रीतेश गांधी, रामू रोहरा, पूर्व विधायक रंजना साहू, महेंद्र पंडित आदि उपस्थित थे।

### चावल में पानी की खपत

एक शोध को प्रस्तुत करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ सिंह ने कहा कि धमतरी शत प्रतिशत डबल क्रॉप वाला एरिया है, जहां पर खरीफ और रबी दोनों सीजन में धान की फसल ली जाती है। उन्होंने बताया कि शोध के मुताबिक एक किग्रा चावल पैदा करने में ढाई हजार लीटर पानी खपता है। रबी सीजन में यह खपत तीन हजार लीटर होती है। हम इसी प्रकार पानी बर्बाद करते रहे तो आगामी समय हमारे लिए कष्टदायी होगा।

## दो दिवसीय जल जगार के समापन में कई निष्कर्ष निकले, विशेषज्ञों ने चर्चा की, बनी रणनीति





### छात्रों ने की नेतागिरी



राजनीति को समझने और उसमें बेहतर ढंग से काम करने के लिए जलसभा का आयोजन किया गया। इसमें विधानसभा की तर्ज पर छात्र विधायक, मंत्री, मुख्यमंत्री, विधानसभा स्पीकर, नेता प्रतिपक्ष की भूमिका पर थे। उन्होंने क्षेत्र में जल संकट को लेकर खूब बहसबाजी की और प्रस्ताव भी पारित किया। इसी प्रकार ग्राम सभा की तर्ज पर भी जल प्रदूषण और उससे हो रही बीमारियों पर चर्चा कर गांव स्तर पर प्रस्ताव पारित किया गया। इसके बाद अतिथियों के सामने इन प्रस्तावों को रखा गया।

### आसमान पर उकेरी जल की कहानी



रविवार को वैसे भी गंगरेल में भीड़ बढ़ जाती है। उपर से जल जगार कार्यक्रम भी था, जिसके चलते काफी भीड़ नजर आई। सांस्कृतिक कार्यक्रम का सिलसिला दिनभर चलता रहा। इंदिरा कला संगीत विवि के छात्रों ने भी काफी मनमोहक प्रस्तुति दी। अनुज शर्मा शो को देखने के लिए लोग उमड़ पड़े। सबसे रोमांचक कार्यक्रम ड्रोन शो रहा। सैकड़ों की संख्या में ड्रोन उड़ाकर आसमान में कई आकृतियां बनाई गई। इसकी शुरूआत भगवान भोलेनाथ की आकृति बनाकर की गई। गंगरेल बांध की आकृति देखकर लोगों ने दांतोंतले उंगली दबा ली।

### जल जगार में निकले 5 महत्वपूर्ण निष्कर्ष

- एक सरपंच जल संरक्षण के लिए बहुत कुछ कर सकता है। गांव स्तर पर जल संरक्षण पर क्या किया जा सकता है, इस पर रणनीति बनी।
- जल संरक्षण कई लोग करते हैं परंतु उन्हें रिस्पांस नहीं मिलता है। जल संरक्षण करने वालों का सम्मान किया जाना चाहिए।
- युवा देश के भविष्य हैं, वे ही परिवर्तन ला सकते हैं। इसलिए जरूरी है कि जल साक्षरता पर चर्चा होनी चाहिए।
- खेत में मेड़ और मेड़ में पेड़ पर चर्चा जरूरी है। खेतों की मेड़ से पानी रूकता है। पेड़ मेड़ों को सुरक्षित रखता है।
- नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान बदलाव की शुरूआत है। महिलाओं की भागीदारी से ही जल संरक्षण अभियान को सफल बनाया जा सकता है।

## हाफ मैराथन से दिया जल बचाने का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जल जगार महोत्सव के दौरान दूसरे दिन रविवार को अलसुबह जल जागरूकता के लिए हाफ मैराथन का आयोजन हुआ। रविशंकर जलाशय गंगरेल डेम के मुहाने से शुरू हुई इस हाफ मैराथन को तीन श्रेणियों में आयोजित किया गया। इसमें गंगरेल हाफ मैराथन, एन्डुरन्स रन और वॉकेथॉन शामिल है। गौरतलब है कि गंगरेल हाफ मैराथन के तहत 21.1 किमी की मैराथन में 18 से 29 वर्ष, 30 से 49 वर्ष तक की आयु वर्ग तथा 50 वर्ष से अधिक आयु के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। एन्डुरन्स रन के तहत 10 किमी की मैराथन में 15 से 29 वर्ष, 30 से 49 वर्ष तक की आयु तथा 50 वर्ष से अधिक आयु के प्रतिभागी शामिल हुए। पारिवारिक मनोरंजन के लिए वॉकेथॉन के तहत 5 किमी की मैराथन में पुरुष और महिला वर्ग ने हिस्सा लिया। यह आयोजन गंगरेल डेम के गेट से लेकर कुकरेल तक किया गया। इससे पहले स्वस्थ तन मन के लिए जुंबा करते विभिन्न धुनों पर लोग थिरकते भी नजर आये।

## कंडेल में कालेज भवन की मांग

- सीएम ने स्वतंत्रता सेनानी बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव के पपौत्र का किया सम्मान
- 109 साल की महिला से सुनीं महात्मा गांधी के आगमन की बातें

**धमतरी।** जल जगार महोत्सव में नहर सत्याग्रह के प्रणेता महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव के प्रपौत्र यतीश भूषण श्रीवास्तव का सम्मान मुख्यमंत्री ने किया है। मुख्यमंत्री ने प्रशस्ति पत्र यतीश भूषण को सौंपते हुए बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव को याद किया। वहीं कंडेल से कार्यक्रम स्थल पहुंची 109 साल की महिला राम्हीन प्रजापति से मुलाकात कर 1920 में महात्मा गांधी के आगमन की जानकारी ली। इस अवसर पर कंडेलवासियों ने मुख्यमंत्री से कंडेल में महाविद्यालय भवन की मांग की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आवेदन सौंपकर बताया कि कंडेल में महाविद्यालय का संचालन हायर सेकेंडरी स्कूल भवन में होता है। करीब 200 छात्र यहां पढ़ाई कर रहे हैं। कालेज भवन नहीं होने से छात्रों को असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कालेज भवन निर्माण का आश्वासन दिया है।

## आईजी व एसपी ने स्टार लगाकर सूबेदार स्टेनो को दी पदोन्नति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सूबेदार/एम स्टेनो के पद पर पदस्थ अखिलेश शुक्ला को पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अमरेशकुमार शुक्ला एवं एसपी आंजनेय वार्ष्णेय द्वारा एक और स्टार लगाकर वरिष्ठ शीघ्र लेकक निरीक्षक/एम स्टेनो के पद पर पदोन्नति दी गई।

इस पदोन्नति पर आईजी, एसपी, एएसपी सुशील नायक, कुरूद एसडीओपी रागिनी मिश्रा, डीएसपी भावेश साव सहित पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों ने श्री शुक्ला को शुभकामनाएं दीं।

## शहर के गंदे पानी का होगा अब री-यूज, मुजगहन में सीवरेज प्लांट का शुभारंभ

- प्रतिदिन 100 करोड़ लीटर गंदा पानी होगा साफ, तालाबों और खेतों को मिलेगा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



शहर के गंदे पानी को साफ करके उपयोग के लायक बनाने ग्राम मुजगहन में नगर निगम द्वारा 30 करोड़ की लागत से सीवरेज प्लांट बनाया गया है। इसके कम्पलीट होने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विधिवत लोकार्पण किया।

निगम आयुक्त विनय पोयाम एवं उपायुक्त पीसी सार्वा ने बताया कि इस प्लांट की क्षमता 19.60 एमएलडी है। प्रतिदिन 100 करोड़ लीटर पानी साफ होगा। इससे आसपास के 10 गांवों के तालाबों एवं खेतों को पानी मिलेगा। यह प्रदेश का पहला सबसे बड़ा सीवरेज प्लांट है। यहां से उपचारित पानी को पाइप लाइन के माध्यम से विस्तारित किया जाएगा। इसके लिए अंडर ग्राउंड सीमेंट पाइप बिछाई जायेगी। इस प्लांट के शुभारंभ होने के बाद खारून नदी का पानी प्रदूषित नहीं होगा। पानी का री-यूज कैसे करना है, इसकी प्लानिंग चल रही है। शहर के आसपास गांव में उपचारित पानी का भरपूर उपयोग के बाद शेष पानी को खारून नदी में बहाया जाएगा। बता दें कि खारून नदी को प्रदूषित होने से बचाने के लिए ही सीवरेज प्लांट बनाने का प्रस्ताव नगर निगम ने बनाया था। प्लांट बनाने में 30 करोड़ 31 लाख का खर्च आया है। विद्युत पावर के लिए 33 केवी क्षमता का पावर सबस्टेशन बनाया गया है। इसके माध्यम से प्लांट को 24 घंटे बिजली मिलेगी।

## डोंगरगढ़ मंदिर परिसर में मची भगदड़ से बागतराई की महिला की मौत

### परिवार के साथ गई थी मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

डोंगरगढ़ मंदिर परिसर में 5-6 अक्टूबर की दरम्यानी रात मची भगदड़ में भखारा क्षेत्र की एक महिला की मौत हो गई है।



मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बागतराई (कुर्रा भखारा) निवासी मदनलाल साहू का परिवार रायपुर से गांववालों के साथ डोंगरगढ़ मां बम्लेश्वरी का दर्शन करने गया था। 5- 6 अक्टूबर की मध्य रात्रि मंदिर परिसर में भगदड़ मचने से मदनलाल साहू की पत्नी सोनिया साहू उम्र लगभग 35 वर्ष की दबकर मौत हो गई। पड़ोसी पूनाराम ने बताया कि मदनलाल साहू उनके गांव का है और रायपुर में रहकर ऑटो चलाता है। शुक्रवार को उनका परिवार गांव आया था। शाम को चला भी गया। शनिवार को उनका परिवार एवं गांव के कुछ लोग ऑटो में रायपुर से डोंगरगढ़ मंदिर दर्शन के लिए गये थे। तभी वहां भगदड़ मचने से सोनिया की मौत हो गई। सुबह सोनिया के भाई के फोन से इस घटना की सूचना मिली। इस घटना के बाद से गांव में शोक की लहर है। सरपंच भगवती साहू ने बताया कि भगदड़ में सोनिया की मौत हुई है। पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए गांव पहुंच गया है।

### चंवर में स्थापित प्रतिमा की 9 दशक पहले हुई है चोरी

# आज भी तलाश है मां अंगारमोती की दिव्य मूर्ति की



- नवरात्रि पर मां अंगारमोती के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लग रही लंबी कतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

आज से 40 साल पहले गंगरेल डुबान में अंचल की वैभवशाली संस्कृति रचा बसा करती थी। डूब में आए 52 गांव कृषि संपन्न और खुशहाल थे। आज सिर्फ उनकी यादें रह गई हैं। अपनी बचपन के दिनों की याद ताजा करते हुए ईश्वर नेताम ने बताया कि परदादा पीताम्बर सिंग, दादा अर्जुन नेताम के बाद उसे मां अंगारमोती की सेवा करने का पुण्य प्राप्त हुआ है। डूब क्षेत्र होने से पहले मां अंगारमोती ग्राम चंवर में स्थापित थीं। उस समय चातरराज और जंगलराज में कोसों दूर तक माता की कीर्ति फैली हुई थी। दीपावली के बाद पहले शुक्रवार को अंगारमोती की मड़ई परंपरागत चली आ रही है। पहले महानदी के विशाल क्षेत्र में अंचल का प्रसिद्ध मेला लगता था, जिसमें लाखों लोग पहुंचकर वैभवशाली परंपरा के गवाह बनते थे।




जीवराखन मरई


ईश्वर नेताम


पुनीतराम निषाद

मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवराखन मरई, पुजारी ईश्वर नेताम कुछ पल के लिए अतीत में खोने के बाद मां अंगारमोती की दिव्य मूर्ति की चोरी की घटना के बारे में बताते हुए कहते हैं कि आज भी माता की दिव्य मूर्ति की तलाश कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि वह मूर्ति आज भी कहीं मौजूद हैं। घटना सन 1937

▶▶ शेष पेज 13 पर

### संतान प्राप्ति के लिए परण पड़ने की परंपरा की हुई शुरूआत

पीढ़ी दर पीढ़ी से मां अंगारमोती के दरबार में बैद्यराज की परंपरा का निर्वहन करते आ रहे निषाद परिवार के पुनीत राम ने बताया कि छत्तीसगढ़ में एक परंपरा आज भी कायम है। जब भी कोई देव कार्य होता है जैसे गौरा-गौरी पहुंचानी में विसर्जन के लिए तालाब, नदी जाने के दौरान रास्ते में पड़ने वाले घरों की महिलाएं आज भी घर से थाली लेकर निकलती हैं और पूजा कर उसके सामने परण करती हैं। यही परम्परा मां अंगारमोती के मड़ई मेला में होती है। मां अंगारमोती की मड़ई का चक्कर लगाकर जैसे डांग डोली वापस लौटती है, श्रद्धालु महिलाएं पेट के बल सो जाती हैं। इस परंपरा से महिलाओं की मनोकामना पूर्ण हो जाती है। दूर-दूर महिलाएं मड़ई मेला के दिन माता के दरबार में पहुंचती हैं।

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप



नगरी। दुर्गा माता पुराना हटवाड़ापारा बेलरगांव।



नगरी। आदर्श नव दुर्गा उत्सव समिति खम्हरिया।



### कल्लेमेटा में दुर्गोत्सव की धूम

**नगरी।** ग्राम कल्लेमेटा में नवरात्रि पर दुर्गा उत्सव मनाया जा रहा है। अध्यक्ष प्रीतम विभार, कोषाध्यक्ष गोकुलराम, उपाध्यक्ष लोकेश, सचिव सुकलाल, ग्रामीण व्यवस्था समिति अध्यक्ष परदेसी मरकाम, उपाध्यक्ष सुरजन मंडली, कोषाध्यक्ष विष्णु यादव व धनाजी मरकाम, सदस्यगण सियाराम पटेल, चैनसिंह, अमरेश, किशन, सुकालू, किशन यादव, छवि, कोटवार, गौतम, रमेश, मरकाम माता की सेवा में जुटे हैं।

### अध्यक्ष तामेश्वरी व चेलेश्वरी बनीं सचिव

**नगरी।** छग पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ नगरी सिहावा की तहसील स्तरीय कोर कमेटी की बैठक साहू सदन नगरी में रखी गई। बैठक में पिछड़ा वर्ग के संवैधानिक अधिकार 27 प्रतिशत आरक्षण व पिछड़ा वर्ग के हित में विभिन्न मांगों के संबंध में चर्चा की गई। मांगों के लिए संघर्ष करने व संगठन को मजबूत बनाने के लिए लोगों में जागरूकता लाने महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष तामेश्वरी साहू एवं चेलेश्वरी साहू को सचिव पद के लिए मनोनयन किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अंगेश हिरवानी, प्रदेश सहसचिव देवेंद्र, नगरी ब्लाक अध्यक्ष सखाराम साहू, सचिव पेमन साहू, संगठन मंत्री शेषनारायण साहू, वरिष्ठ सदस्य नोहर साहू, अनिरुद्ध साहू, घनाराम साहू, तामेश्वरी साहू, चैलेश्वरी साहू सहित पिछड़ा वर्ग के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## निधन

### भगवती बाई साहू

**अंवरी।** ग्राम पचपेड़ी निवासी कीर्तनराम साहू की पत्नी भगवती बाई साहू उम्र 50 वर्ष का आकस्मिक निधन 5 अक्टूबर शनिवार को हो गया। वह पुष्कर साहू, राकेश साहू की मां थीं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई। अंतिम संस्कार शांतिघाट में हुआ। उनके अंत्येष्टि कार्यक्रम में कृपाराम, कमलेश, पूनम, पुरुषोत्तम, दीपक, गणेश सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं ग्रामवासी उपस्थित हुए।



भैंसबोड़ में नवरात्रि की धूम, राम दरबार की झांकी मोह रही भक्तों का मन

# कृत्रिम गुफा में 151 देवी-देवताओं के साथ हो रहे मां दुर्गा के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी







ग्राम भैंसबोड़ में इस वर्ष भी शारदीय नवरात्रि धूमधाम से मनाई जा रही है। इस वर्ष भी भैंसबोड़ में मां दुर्गा 4 जगह विराजित हुई हैं। सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति पुराना बाजार चौक द्वारा मां दुर्गा की एक प्रतिमा विराजित की गई है ।

छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया दुर्गोत्सव समिति खंतीपारा द्वारा कृत्रिम गुफा बनाकर 151 देवी-देवताओं के साथ एक भव्य पंडाल में मां दुर्गा विराजित की गई है। कृत्रिम गुफा के मुख्य द्वार पर भगवान भोलेनाथ हैं। तालाब में कालिया नाग के ऊपर भगवान श्री कृष्ण नृत्य कर रहे हैं। पंडाल में 12 ज्योतिर्लिंगों सोमनाथ, मल्लिकार्जुन, महाकालेश्वर, ओम्कारेश्वर, घृष्णेश्वर, त्र्यंबकेश्वर, केदारनाथ, भीमाशंकर, बैद्यनाथ, नागेश्वर, रामेश्वर, कांशी विश्वनाथ के दर्शन हो रहे हैं। सप्तऋषियों को कुटी बनाकर विराजित किया गया है जिसमें वशिष्ठ, कश्यप, अत्रि, जमदग्नि, गौतम, विश्वामित्र और भारद्वाज शामिल हैं। छत्तीसगढ़ के 36 देवियों के दर्शन इस पंडाल में हो रहे हैं। माता काली की झांकी एवं मां काली विकराल रूप में, गौरा-गौरी विवाह, ज्योत-जंवारा का भी दर्शन इस पंडाल में हो रहा है। इस जगह मां दुर्गा अपने नौ रूपों के साथ विराजित हुई हैं।

शिवशक्ति दुर्गोत्सव समिति टिकरापारा एवं शिवशक्ति दुर्गोत्सव समिति नया बाजार चौक द्वारा भी माता को भव्य पंडाल बनाकर विराजित किया गया है।

इन पंडालों में सूरजभान धीवर, जागेश्वर तारक, गंगाराम, तोरण साहू, बिदेशी धीवर, रोहित साहू, महेश तारक, एवन साहू, रवि, दशरू यादव, नरसिंग यादव, मोहेंद्र साहू, केदार, दुलार, जिनेन्द्र साहू, तोरण नगारची, कोमल, दौलत राम, हिमांचल, अश्वनी सेवा दे रहे हैं।

# शीतला मंदिर में 60 मनोकामना ज्योत जगमगा रहे

- राजपुर में चार जगह विराजमान हुईं मां दुर्गा, सेवा आराधना में जुटे भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड





ग्राम राजपुर में शारदीय नवरात्रि पर चार जगह माता की प्रतिमा विराजित की गई है। माता के दरबार में भक्तगण सुबह शाम माता माथा टेकर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। गांव के पुराना पारा, गांधी चौक बाजार पारा, बीचपारा एवं तिरंगा चौक में दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा माता की मूर्ति स्थापित की गई है। दुर्गा उत्सव समिति पुरानापारा के सदस्य राजू निषाद, विजय यदु, दूजराम ध्रुव, गोपाल निषाद ने बताया कि मोहल्ले में 35 वर्ष से मां दुर्गा की मूर्ति स्थापित की जा रही है।

गांधी चौक दुर्गा उत्सव समिति के सदस्य रमेश्वर साहू, बिरझू कंवर, होरीलाल निषाद ने बताया कि समिति 30 वर्ष से माता की मूर्ति स्थापित की जा रही है। दुर्गा उत्सव समिति बीचपारा के सदस्य गुहलेद कंवर, नंदलाल निषाद, उमराव कंवर ने बताया कि बीचपारा में 25 वर्ष से अधिक समय हो गए, मां जगतजननी जगदंबा की प्रतिमा स्थापित हो रही है। नव दुर्गा उत्सव समिति तिरंगा चौक के समिति के वरिष्ठ सुकुल साहू, पूर्व अध्यक्ष सुंदरलाल निषाद, फूलजी सिन्हा, सोमनाथ यादव ने बताया कि मोहल्लेवासियों के सहयोग से यहां 10 वर्ष मां दुर्गा की प्रतिमा विराजमान हो रही है। मां जगत जननी दुर्गा माता की सेवा समर्पण भाव से कर रहे हैं। दुर्गा पंडालों में रात्रि में जसगीत सेवा की मधुर गीत की ध्वनि बह रही है।

ग्राम विकास समिति अध्यक्ष जनक सिन्हा, सचिव गिरवर यदु, कोषाध्यक्ष पूनमचंद सिन्हा ने बताया कि गांव के शीतला मंदिर में इस नवरात्रि में माता के भक्तों द्वारा 60 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की गई है। श्रद्धालु माता शीतला की सुबह शाम पूजा-अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना कर रहे हैं। माता की सेवा में बैगा खेलन निषाद, सीताराम यदु, मोतीलाल निषाद, दुर्गेश यादव, जगदीश निषाद लीन हैं।

### पूर्व विधायक ने 1 नवंबर से धान खरीदी की मांग की



**अंवरी।** कुरूद के पूर्व विधायक लेखराम साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर मांग की है कि धान खरीदी 15 नवंबर की बजाय 1 नवंबर से की जाये। गौरतलब है कि छग राज्य में कांग्रेस के शासनकाल में 1 नवंबर से धान खरीदी की शुरुआत हुई थी, लेकिन इस वर्ष विष्णुदेव सरकार ने 15 नवंबर से धान खरीदी का निर्णय लिया है। श्री साहू ने कहा कि किसानों को त्यौहार में पैसे की आवश्यकता होती है। 15 दिन बाद फसल की कटाई एवं मिंजाई का कार्य लगभग पूर्ण हो जायेगा। अभी धान खरीदी का उचित समय है। 15 नवंबर से धान खरीदने पर किसानों को दोहरा खर्च आयेगा। श्री साहू ने 1 नवंबर से धान खरीदने की मांग शासन से की है।

# जिपं सभापति ने क्षेत्र की प्रतिभाओं को किया सम्मानित

- सेमरा में सर्वोदय मंडल ने राज्यस्तरीय गांधी जयंती का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद




सर्वोदय मंडल द्वारा राज्यस्तरीय गांधी जयंती एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति तारणी नीलम चन्द्राकर थीं। अध्यक्षता दीनदयाल चौधरी अध्यक्ष प्रदेश सर्वोदय मंडल छग ने की। विशिष्ट अतिथि जनपद उपाध्यक्ष जानसिंग यादव, गौतम बंदो उपाध्याय, जनपद सदस्य हुमेन्द्र गजेंद्र, पूर्व सदस्य मोतीलाल सिन्हा, सरपंच बिनेश्वरी सिन्हा थे। इस कार्यक्रम में सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक, शिक्षा, पत्रकारिता सहित विभिन्न क्षेत्र में अपनी प्रतिभा से माता-पिता, समाज और गांव को गौरवान्वित करने वालों को स्मृति चिन्ह, श्रीफल, गमछा व साड़ी भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान लोक कला बालिका डांस ग्रुप भखारा एवं स्थानीय बालिकाओं द्वारा बेहतरीन सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

समारोह की मुख्य अतिथि तारणी चन्द्राकर ने गांधीजी को याद करते हुए कहा कि यूं ही किसी को भी राष्ट्रपिता का दर्जा नहीं मिल जाता। महात्मा गांधी सत्य, अहिंसा के दम पर देश को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद कराकर खुद शहीद हो गए। उन्होंने कहा कि आज भी हमारे बीच देश की आजादी में खलल पैदा करने हिंसा फैलाई जा रही है। शहर से लेकर गांव तक नशे के साथ अपराध को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे बचने की जरूरत है तभी देश के साथ शहर, गांव में अमन सुकून कायम होगा। सर्वोदय मंडल के पदाधिकारियों ने मंडल के उद्देश्य एवं गांधीजी की विचारधारा को रखते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।

समारोह के अन्य अतिथि जानकी दशरथ साहू, कृष्णकुमार साहू, राजेश सिन्हा, हृदयराम साहू, रामकिशोर साहू, उत्कर्ष साहू, कामताप्रसाद साहू, डॉ देवेंद्र साहू, चुनुराम साहू, कृष्णकांता साहू, रूक्मणि साव, गरीबदास साहू, विरेंद्र साहू, केके साहू, सीताराम साहू, सेवक नेले, संतोष साहू, तिलक पाल, पवन ध्रुव, चंदूलाल निषाद, माधवराम साहू थे।

कार्यक्रम में धमतरी जिला सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष तिलकराम पाल, उपाध्यक्ष नेहरूराम साहू, कोषाध्यक्ष खेदूराम पटेल, महामंत्री शोभाराम सिन्हा, संयोजक ललित पटेल, संरक्षक पुरानिकराम साहू, सलाहकार घनश्याम साहू, मनहरण पटेल, सदस्य लक्ष्मीनाथ साहू, भारत साहू, द्वारिका साहू, अघनुराम साहू, जमुना साहू सहित ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

# नेहरूराम निषाद के राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष बनने पर जताया हर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



जिले के ग्राम बारना निवासी नेहरूराम निषाद को छग राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष बनाए जाने पर छग निषाद समाज 22 पाली डोंगेश्वर परिक्षेत्र देवपुर के पदाधिकारियों एवं सामाजिकजनों ने हर्ष व्यक्त किया है। श्री निषाद लंबे समय से सामाजिक पदों का दायित्व संभालते हुए समाज के विकास के लिए तत्पर हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्री निषाद को छग राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की बागडोर सौंपकर निषाद समाज का सम्मान बढ़ाया है। उनकी नियुक्ति पर देवपुर पाली अध्यक्ष फगनू निषाद, उपाध्यक्ष टेकराम निषाद, कोषाध्यक्ष परमा निषाद, महासचिव नीलकुमार निषाद, सहसचिव राजू निषाद, शंभू निषाद, मनराखन निषाद, खुमान निषाद, छन्नू निषाद, सागर निषाद, गोपाल निषाद, उमाशंकर निषाद, प्रकाश निषाद, मधु निषाद, लखन निषाद, रामकुमार निषाद, दुलेश्वर निषाद, नोहर निषाद, राकेश निषाद, दीपक निषाद, मीडिया प्रभारी पवन निषाद समेत अनेक लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### गैलेक्सी स्कूल में हुआ गरबा डांडिया



**मगरलोड।** गैलेक्सी सीनियर सेकेंडरी स्कूल मगरलोड में नवरात्रि पर विद्यार्थियों द्वारा गरबा डांडिया का आयोजन किया गया। माता की सेवा में झूमते, नाचते रहे।

एनीकट में वाहनों की आवाजाही से उखड़ रही कांक्रीट

# एनीकेट पर चलना किसी खतरे से कम नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



21 सितंबर से मेघा महानदी पुल में दरार तथा पिल्लर टूटकर बिखरने से प्रशासन द्वारा पुल पर आवागमन बंद कर दिया है। मगरलोड, नयापारा, राजिम, नगरी, सिहावा, उड़ीसा, देवभोग, गरियाबंद, महासमुंद को धमतरी, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव को जोड़ने वाला एक मार्ग मेघा महानदी पुल है।

यात्री अपनी सुविधा के अनुसार समीप में जल संसाधन विभाग द्वारा बनाए गए एनीकट के कच्चे मार्ग से गुजर रहे हैं। प्रशासन द्वारा यात्रियों के लिए वैकल्पिक मार्ग बनाया गया है। जल संसाधन विभाग द्वारा एनीकट नदी के जल संग्रहण के लिए बनाया गया है। एनीकट की लंबाई लगभग 1 किलोमीटर है। एनीकट की चौड़ाई कम और कोई सुरक्षा नहीं होने के बाद भी लोग जान जोखिम में डालकर आना-जाना कर रहे हैं। सबसे अधिक खतरा शाम व रात्रि में रहता है। मोटरसाइकिल, साइकिल एवं पैदल यात्री आवागमन कर रहे हैं। वाहनों की हाईपावर लाइट से घबराकर वाहनों का अनियंत्रित होना स्वाभाविक है। इससे दुर्घटना की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। एनीकट में वाहनों की आवाजाही से कांक्रीट स्लेब उखड़ रही है। यात्रियों के लिए वैकल्पिक मार्ग बनाने प्रशासन के पास तात्कालिक कोई योजना नहीं है। मगरलोड क्षेत्रवासियों को चिकित्सा, शिक्षा के लिए परेशान होना पड़ रहा है। चार गुना खर्च कर बड़ी करेली मार्ग होकर कुरूद जाने मजबूर हैं। एनीकट की क्षमता भारी वाहनों के लिए उपयुक्त नहीं है।

# युकां अध्यक्ष देवव्रत ने नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



भारतीय युवा कांग्रेस के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब ने भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। इस दौरान कुरूद विधानसभा के युवा कांग्रेस अध्यक्ष देवव्रत साहू ने उनसे मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की। साथ ही भारतीय युवा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ऑक्सीजन मैन ऑफ़ इंडिया बीवी श्रीनिवास को भारतीय युवा कांग्रेस में उनके संघर्षशील, स्वर्णिम, ऐतिहासिक कार्यकाल की याद दिलाई गई। पदभार के दौरान विशेष रूप में भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अल्लावुरु, भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव पूर्णचंद कोको पाड़ी, राष्ट्रीय सचिव लोकेश वशिष्ठ, दिल्ली प्रदेश महासचिव सन्नी रायकवर आदि उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### मड़ेली स्कूल में पीटीएम का आयोजन



**जीजामगांव।** शासकीय बालक माध्यमिक शाला मड़ेली में पालक मेगा बैठक, जल जगार एवं गांधी जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में शाला विकास समिति के सदस्यों एवं पालकों ने भाग लिया। शाला विकास समिति के अध्यक्ष मकसूदन साहू ने गांधीजी के संक्षिप्त जीवन परिचय एवं जल जगार के बारे में बताया। बच्चों के लिए चित्रकला, निबंध, भाषण, कविता स्पर्धा हुई। बच्चों को पुरस्कृत किया गया। पालकों को त्रैमासिक परीक्षा एवं शाला की विभिन्न गतिविधियों के बारे में भी बताया गया। आभार व्यक्त प्रधानपाठक सुरेश ने किया। कार्यक्रम में पालकगण कुमेश कुमार, टोमन लाल, तामेश्वर, तीरथराम, पांचोबाई, रागिनी, अर्जुन, दुलारी, दयानंद तथा शिक्षक होमलता साहू, कुलेश्वर प्रसाद देवांगन एवं मंत्री गाडगे उपस्थित थे।

### छात्रों एवं शिक्षकों ने नशामुक्ति की ली शपथ



**बगदेही(धमतरी)।** शाउमावि रामपुर में नशामुक्ति अभियान चलाया गया। इस दौरान छात्रों एवं शिक्षकों ने नशा मुक्ति की शपथ ली। इस अवस पर बच्चों द्वारा नशामुक्ति थीम पर पोस्टर बोर्ड डेकोरेशन, रैली, मानव श्रृंखला बनाई गई। नशामुक्ति अभियान के तहत पोस्टर बैनर, संवाद कार्यक्रम, स्लोगन, निबंध प्रतियोगिता, ग्रीटिंग काड्र्स प्रतियोगिता भी हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य आरके बघेल थे। मौके पर आरके टंडन, केके वर्मा, एचके साहू, बीके निषाद, जेके साहू, डीके साहू, डीके साहू, जीके साहू, एस. अग्रवाल, पी.शर्मा, एस.साहू, जे.ध्रुव, एल.सोन, एम.ठाकुर समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### रासेयो के इतिहास से रूबरू हुए आत्मानंद स्कूल के छात्र



**मगरलोड।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल भैंसमुंडी मगरलोड में प्राचार्य अशोक ध्रुव के मार्गदर्शन व रासेयो इकाई 1 के तत्वाधान में उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि शासकीय महाविद्यालय कंडेल के सहायक प्राध्यापक पीताम्बर सिन्हा, सुश्री रमा चंद्राकर यशवंत राव मेघवाले महाविद्यालय, खिलेश्वर साहू गुरुकुल महाविद्यालय थे। रमा चंद्राकर, पीताम्बर सिन्हा ने बच्चों को रासेयो के इतिहास की जानकारी प्रदान की। प्राचार्य अशोक ध्रुव ने शाला की स्वच्छता में रासेयो के योगदान के बारे में बताया। कार्यक्रम अधिकारी पूजा शर्मा ने बच्चों को बैच एवं डायरी दी।

### सिलौटी में जल जगार पर निकली जागरूकता रैली



**कोर्रा(भखारा)।** शाउमावि सिलौटी में जल जगार महोत्सव को सफल बनाने के उद्देश्य से जागरूकता रैली का आयोजन प्राचार्य बी पदमा राजेश बघेल के निर्देशन में हुआ। यह रैली स्कूल से निकल गांव गली मोहल्लों से होकर बाजार चौक में इसका समापन हुआ। छात्रों ने नारे लगाते हुए जल जगार महोत्सव को सफल बनाने तथा जल संरक्षण अपनाने व जल के सीमित उपयोग के लिए जागरूक किया। नागरिक विजय साहू ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि जिले के गंगरेल बांध के तट पर जल जगार महोत्सव का आयोजन हो रहा है। आभार प्रदर्शन संतोष कुमार जैन ने किया। रैली में एसके ध्रुव, सीपी साहू, एचआर साहू, आर. पोर्ते, एनके साहू तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं का योगदान रहा।

### खेल स्पर्धा में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा



**बगदेही(धमतरी)।** शाउमावि रामपुर में टग ऑफ वॉर रस्साकसी इंट्रामुरल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के चारों हाऊस के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कुल 8 मैच हुए। यह प्रतियोगिता बालक वर्ग एवं बालिका वर्ग में संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य आरके बघेल थे। इस आयोजन में शालानायक डाकेश्वर, उपशालानायक अंकिता, खेल सचिव दीपांशु, अनुशासन सचिव झगेंद्र, कबड्डी प्लेयर गुलशन निषाद, बैंड मास्टर भेमानद, राहुल, कोमल, खिलक्ची, रूपेश्वरी, खो-खो प्लेयर प्रियंका, डेमिन ने हिस्सा लिया। विजेता खिलाड़ियों को प्राचार्य आरके बघेल ने सम्मानित किया। इस अवसर पर आरके टंडन, केके वर्मा, एचके साहू, बीके निषाद, जेके साहू, डीके साहू, डीके साहू, जीके साहू, एस.अग्रवाल, पी. शर्मा, एस. साहू, जे. ध्रुव, एल. सोन, एम. ठाकुर समेत छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

### आत्मानंद स्कूल में हुआ बच्चों का बौद्धिक मूल्यांकन



**भखारा।** नगर पंचायत भखारा स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल में दो माह की पढ़ाई के बाद बच्चों का बौद्धिक मूल्यांकन किया गया। छात्रों को सवाल बनाने के लिए दिए गए। पालकों को बच्चों के मूल्यांकन की जांच के लिए विद्यालय में बुलाया गया और बच्चों की कमियों के बारे में समझाया। बताया कि बच्चों को मोबाइल से दूर रखें। स्कूल के अतिरिक्त घर में भी अध्यापन कार्य जारी रखें। मौके पर प्राचार्य राजकुमार गंजीर, हेमंत चौधरी, दिव्या मैडम, वैभव किरण, उर्मिला, अनिशा राय, रिया साहू, फाल्गुनी चंद्राकर, नूरजहां, अक्षय कुमार, मुस्कान बानो, धीरज ठाकुर, नियति पांडे, हिना गोस्वामी, अलका जैन उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### बजाज परिवार ने अस्पताल को दिया वाटर फ्रीजर



**कुरूद।** स्व. तुलजाराम बजाज की पुण्यतिथि पर बजाज परिवार ने सिंधु सेवा समिति के साथ कुरूद नगर स्थित सिविल अस्पताल कुरूद को पेयजल हेतु प्यूरीफायर वाटर फ्रीजर प्रदान किया। मरीजों को फल का वितरण किया। इस दौरान राजकुमार बजाज, अनिल बजाज, कन्हैया नवलानी, डॉ ऋषभ राजपूत, डॉ राजेंद्र बजाज, आकाश रमानी मौजूद थे।

### मरौद में 6.50 लाख से बनेगा सेन समाज का सामुदायिक भवन



**सिर्री।** भाजपा सिर्री मंडल के ग्राम मरौद में 6.50 लाख की लागत से सेन समाज का सामुदायिक भवन बनेगा। भूमिपूजन कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर के प्रतिनिधि व सिर्री मंडल प्रभारी भानु चंद्राकर ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लक्ष्मीनारायण सेन अध्यक्ष परिक्षेत्र मरौद ने की। विशिष्ट अतिथि भाजपा सिर्री मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र साहू, सरपंच रमाकांत साहू, पूर्व सरपंच बुधारूराम साहू, रामचंद देवांगन, युवा मोर्चा महामंत्री हिमांशु साहू, संरक्षक हरिराम सेन, डिगेन्द्र सेन, रविन्द्र सेन, अमृत भार्गव, शंकर भार्गव, लखन भार्गव, कन्हैया भार्गव, हेमराज भार्गव, बलदाऊ सेन, एस कुमार सेन, शेषराम सेन, खोवाराम सेन मौजूद रहे। सेन समाज के पदाधिकारियों ने कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

### स्क्वैश में दुगली की छात्राओं का चयन



**नगरी।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 6 से 9 अक्टूबर तक रायपुर में आयोजित होने वाली 24वीं राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में शाउमावि दुगली की तामेश्वरी, कुमेश्वरी, लक्ष्मी, चंद्रमणि, सुनीता का चयन बालिका अंडर 19 वर्ग की स्क्वैश प्रतियोगिता के लिए हुआ है। ये सभी खिलाड़ी राजस्तरीय प्रतियोगिता में रायपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस उपलब्धि पर जिला शिक्षाधिकारी टीआर जगदल्ले, जिला खेल प्रभारी थॉमस पॉल, विखं खेल अधिकारी केआर साहू, विखं खेल अधिकारी खेमराज साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बंशीलाल सोरी, नकुल वट्टी, प्राचार्य एलके सोम, वरिष्ठ शिक्षक एके ग्वाल, शैलेन्द्र कौशल, मोहन चौरसिया, आरके नेताम, जीआर नाग, डीके नेताम, पवन साहू, शिक्षिका श्रीमती भावना सोरी, रूपा यादव व वर्षा रंगारी ने इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। व्यायाम शिक्षक केशव जलक्षत्री ने बताया कि पिछले वर्ष भी स्क्वैश में विद्यालय के पांच खिलाड़ियों ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में रायपुर संभाग का प्रतिनिधित्व कर प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### आज भी तलाश है मां अंगारमोती की दिव्य मूर्ति की

की है। रात में एक बुढ़िया को माता का सपना आया। माता ने सपना में कहा कि उसे कोई चोरी करने जा रहा है और तुम लोग सोये हुए हो। बूढ़ी मां सपना देखकर जैसे ही चौंककर उठी। घर के सारे दरवाजे अपने आप खुल गए। परिवार के लोग माता स्थल पर पहुंचे तो माता की प्रतिमा चोरी हो चुकी थी। खूब तलाश करने पर भी वह नहीं मिली। थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई। महीनों खोजबीन चली लेकिन मूर्ति नहीं मिली। इसी बीच उनके दादा को सपना आया कि वह नदी के गड्ढे में हैं। मछुआरों से उस गड्ढे की तलाश करवाई तो वहां माता के टूटे हुए दोनों पग मिले। उस पग को पुनः स्थापित कर माता की हूबहू मूर्ति बनाई गई। 1972 में गंगरेल बांध बनाने के लिए 52 गांव को विस्थापित किया गया। 1976 में माता को वर्तमान स्थल पर विराजमान कराया गया। तब से गंगरेल मां अंगारमोती और बांध के नाम से देश-प्रदेश में विख्यात हो गया।

### निधन : फेकनबाई चंद्राकर



**कुरुद।** ग्राम चरमुड़िया निवासी श्रीमती फेकनबाई चंद्राकर का आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार को किया गया। वे पूर्व जनपद उपाध्यक्ष तेजराम चंद्राकर की पत्नी एवं विधायक अजय चंद्राकर, दुर्गेश चंद्राकर, पथिक चंद्राकर, सात्विक चंद्राकर परिवार की वरिष्ठ सदस्य थीं।

इतवारी बाजार अपडेट : गोभी, ढेंस, सेमी, खेखसी 100 व टमाटर 80 रुपए में बिका

# हरी सब्जियों की कीमत में आया उछाल, उपभोक्ता परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



शीत ऋतु के आगमन के बाद भी हरी सब्जियों के दाम कम होने का नाम नहीं ले रहा है। मौसमी और मनपसंद हरी सब्जियों के दाम बढ़ने से गरीब मध्यम वर्ग खासे परेशान हैं। सब्जी व्यवसायी की माने तो बाजार में कम आवक के चलते रेट चढ़े हुए हैं। पिछले सप्ताह भर से टमाटर 60 से 80 रूपए प्रति किलो बिक रहा है। लोकल आवक काफी कम है, बाहरी आवक के चलते रेट में उछाल है। मानसूनी सब्जियां खत्म हो गई हैं। बाड़ियों में शीत ऋतु की सब्जियों की बुआई चल रही है। माहभर बाद उत्पादन बाजार में दिखेगा। इसके बाद संभवतः रेट कम हो सकता है। अन्य मौसमी सब्जियों के दाम भी 60 से 80 रुपए हैं। गोभी की कम आवक से रेट 100-120 रुपए हो गए हैं।

शहर के इतवारी बाजार में रविवार को शाम 4 बजे ग्राहकों की काफी भीड़ नजर आई। सब्जियों के रेट अधिक होने से उन्हें मायूस होना पड़ा। सब्जी व्यवसायी खम्हन पटेल, सोहद्रा पटेल ने बताया कि सब्जियों का जायका बढ़ाने वाला हरा धनिया 200-300 रुपए किलो बिका। मुनगा 150-200 रुपए किलो रहा। गोभी, अदरक, ढेंस, सेमी, खेखसी 100 रुपए किलो बिकी। गवारफल्ली, टमाटर, मिर्च, कोचई, परवल 80 रुपए, कुंदरू, करेला 60 रुपए, गाजर, बरबट्टी, तोराई, मूली 50 रुपए किलो बिकी। भटा, भिंडी, कुम्हड़ा, केला, पत्तागोभी 40 रुपए किलो रही। लौकी 30 रुपए किलो रही। सब्जियों के साथ-साथ भाजियों का रेट भी चढ़ा हुआ है। पालक, चौलाई, लालभाजी, चेचभाजी, बथुआ जैसी सब्जियां 50 से 60 रुपए किलो बिक रही हैं।

### रिफाइंड तेल पाउच 140 रुपए लीटर रहा

त्योहारी सीजन लगते ही खाद्य तेलों के दाम फिर बढ़ने लगे। रिफाइंड तेल पाउच 130 से बढ़कर 140 रुपए हो गया। प्रति टिन 300 रूपए की बढ़ोतरी हुई है। आलू 40 रुपए से कम नहीं हो रहा है। प्याज 60 रुपए किलो बिक रहा है। लहसुन, जीरा 300 रुपए प्रति किलो है। किराना व्यापारी देवकुमार रामजी भाई ने बताया कि इस सप्ताह खाद्य सामग्री व खाद्य तेलों के दाम में वृद्धि हुई है। चना दाल 100, हरा मटर 110, सफेद मटर 60, काबुली चना 120-150, देशी चना 90, मसूर दाल 85, उड़ददाल 120, मूंगदाल 110, राहरदाल 100-160, मेथी 80, सरसों 70, काली मिर्च 780, खड़ा धनिया 100, खड़ी हल्दी 150-200, खड़ी मिर्च 220-300, शक्कर 42 व गुड़ 50 रुपए प्रतिकिलो बिका। अंडा इस सप्ताह 75 रुपए दर्जन रहा।

### मोखा में बही रामनाम की रसधारा

**धमतरी।** ग्राम मोखा (मड़ाईभाठा) में ग्रामवासियों के सहयोग से संगीतमय रामधुनी महोत्सव का आयोजन किया गया। गांव में तीन दिनों तक रामनाम की रसधारा बही। रामधुनी महोत्सव में विभिन्न जगहों से आई मंडलियों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। तीन दिनों तक ग्राम का वातावरण राममयी रहा। विभिन्न मंडलियों ने कथा, प्रसंग के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी। समापन अवसर पर विधायक ओंकार साहू, सभापति जिला पंचायत धमतरी कविता योगेश बाबर पहुंचे। कार्यक्रम में चमेली बाई पवार पूर्व सरपंच, बालाराम देवांगन, भीखम देवांगन, घनश्याम देवांगन, बलदाऊ राम साहू, संतोष देवांगन, रामचंद देवांगन सहित अनेक ग्रामवासी शामिल हुए। मंच संचालन ध्रुव कुमार साहू ने किया।

## गायन में चर्रा और झांकी में गिरौद रहा अव्वल

- बकली में पांच दिवसीय अखण्ड रामधुनी स्पर्धा का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री





ग्राम बकली के बाजार चौक में पांच दिवसीय अखण्ड रामधुनी प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। 1 अक्टूबर को बाल समाज मंडली देवरी झिरीया गायन, प्रज्ञा रामधुनी मंडली गिरौद झांकी, जय मां शीतला रामधुनी मंडली बिरोदा अभनपुर गायन, श्री कृष्ण रामधुनी मंडली चंदिया कुमर्दा राजनांदगांव झांकी, जय मां शारदा रामधुनी मंडली चर्रा कुरूद गायन, जय मां त्रिपुरा सुन्दरी रामधुनी मंडली परेवाडील बांध बाजार झांकी की प्रस्तुति हुई। समापन दिवस पर जय मां विध्यवासिनी रामधुनी मंडली गोकुलपुर धमतरी गायन, जय अम्बे डोंगेशवघाम रामधुनी मंडली देवपुर धमतरी झांकी, तुलसी के संदेश रामधुनी मंडली चोरभट्ठी कुरूद गायन, जय मां दुर्गा रामधुनी मंडली ज्योति लमनी चिल्हाटी झांकी, जय मां मारुति नंदन रामधुनी मंडली बिजनापुरी गायन, श्री राम रामधुनी मंडली खुटेरी गुणडदेही झांकी में अपनी प्रस्तुति दी।

गायन में जय मां शारदा रामधुनी मंडली चर्रा कुरूद प्रथम, तुलसी के संदेश रामधुनी मंडली चोरभट्ठी द्वितीय, श्री कृष्ण रामधुनी मंडली खड़मा तृतीय, बाल समाज रामधुनी मंडली देवरी चतुर्थ, जय भोले लोक संस्कृति रामधुनी मंडली डोकला ने पंचम स्थान प्राप्त किया। झांकी में प्रज्ञा रामधुनी मंडली गिरौद प्रथम, जय अम्बे डोंगेशवर रामधुनी मंडली देवपुर द्वितीय, श्री कृष्ण रामधुनी मंडली चंदिया तृतीय, जय मां सरस्वती बाल कृष्ण रामधुनी मंडली फागुनदाह चतुर्थ, जय बजरंग रामधुनी मंडली टाटकोंगेरा ने पंचम स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से अंकालुराम नगारची, जागेश्वर साहू, मन्नूलाल साहू, राधेश्याम साहू, मणिराम निर्मलकर, रेलहाराम साहू, गौतम सार्वा, गीतेश्वर साहू, टेकराम साहू व यामन साहू सहित ग्राम के गणमान्यजनों का सहयोग रहा।

## कील की शैया पर लेटकर सीने में जलाया ज्योत

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



नगरी। शक्ति की उपासना का पर्व नवरात्रि पर भक्तों द्वारा माता से आशीर्वाद प्राप्त करने कई तरह की आराधना की जाती है। एक ऐसा भक्त ग्राम राजपुर निवासी कैलाश यादव पिता घनश्याम यादव हैं, जो लगातार तीसरे वर्ष कील की शैया पर लेटकर सीने में ज्योत प्रज्ज्वलित किया है।

उनके द्वारा गांव की सुख शांति समृद्धि के लिए ऐसी भक्ति की जा रही है। श्री यादव की इस भक्ति भावना को देखकर लोग अचंभित हैं। दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग उसके घर पहुंच रहे हैं। इसमें विजय यादव, चंदन कुंजाम, भूपेंद्र मरकाम, छबिलाल नेताम, केशव प्रजापति सहित ग्रामवासी सहयोग कर रहे हैं।

### गांधी जयंती पर रोपे गए पौधे

**धमतरी।** हायर सेकेंडरी स्कूल मुजगहन में गांधी जयंती मनाई गई। प्राचार्य ऋषिकांत सिन्हा ने गांधीजी के जीवन वृतांत को छात्र-छात्राओं के समक्ष रखा। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में फलदार फूलदार पौधे भी रोपे गए। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर मनोरंजनात्मक एवं उत्साहवर्धन के लिए गेड़ी दौड़ हुई। पारंपरिक सुआ नृत्य, पंथी नृत्य भी हुआ। यह आयोजन कार्यक्रम कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार सिन्हा के निर्देशन में हुआ।




## बरारी के जंगल में तेंदुआ का आतंक




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



शहर से 7 किमी दूर ग्राम बरारी में तेंदुआ का आतंक कायम है। गुरुवार की रात एक मवेशी को अपना शिकार बना लिया है। इस घटना के बाद गांव में डर का माहौल है। वन विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और बच्चों को सुरक्षित रखने की सलाह दी है।

ग्राम पंचायत बरारी निवासी एवं यादव समाज के जिलाध्यक्ष जेएस यादव ने बताया कि पिछले 6 माह से तेंदुआ ने करीब 10 मवेशी, मुर्गे-मुर्गियों का शिकार किया है। 3 अक्टूबर की रात लतखोर पिता विष्णु ध्रुव के मवेशी पर हमलाकर उसे मार डाला। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मवेशी का पंचनामा किया। श्री यादव ने बताया कि चरवाहा कृष्णा यादव ने कई बार तेंदुआ को देखा है। मवेशी चराने के दौरान तेंदुआ ने तीन से चार बार पशुओं पर हमला किया है, लेकिन चरवाहे की सजगता से मवेशियों को बचा लिया गया।

जेएस यादव ने बताया कि तेंदुआ के कारण गांव में डर का माहौल है। शनिवार को ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मवेशियों को बचाने गांव में गौ अभ्यारण्य बनाने की मांग की है।






### द्वितीय दिवस लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम अनुराग धारा की हुई प्रस्तुति

# कुरुद दशहरा महोत्सव : कविता के पारम्परिक गीतों पर झूमे दर्शक

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

नगर दशहरा महोत्सव के द्वितीय दिवस प्रदेश की प्रसिद्ध गायिका श्रीमती कविता वासनिक और उनके ग्रुप द्वारा प्रस्तुत गीत, नृत्य और नाट्य प्रहसन ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। कुरुद के खेल मेला मैदान में आयोजित इस महोत्सव में कविता वासनिक ने अपनी सुमधुर आवाज में चौरा म गोंदा सुनाकर दर्शकों को मुग्ध कर दिया।

लोकगायिका कविता वासनिक पारंपरिक वेशभूषा में माइक लेकर चौरा म गोंदा रसिया मोर बारी मा पताल ले चौरा म गोंदा गीत गाते हुए स्टेज पर पहुंचीं तो



दर्शकों ने खड़े होकर तालियों से उनका स्वागत किया। उनके गीतों पर दर्शक झूमने लगे। इस दौरान तोर लुगरा के अछरा में रईहव बंध के, तोला देखे रेहेंव गा, छत्तीसगढ़ी सुआ गीत, पता लेजा रे गाड़ी वाला, तोर रूप गजब मोह डारिस, मोला जावन देना रे अलबेला मोर जैसे लोक गीतों की प्रस्तुति दी।

इससे पूर्व मुख्य अतिथि नपं कुरुद के पूर्व अध्यक्ष रविकांत चंद्राकर, अध्यक्षता हितेन्द्र केला अध्यक्ष राइस मिल एसोसिएशन कुरूद, विशिष्ट अतिथि ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष आशीष शर्मा, सुरेश महावर, सोहन आमदे, कुलेश्वर सिन्हा, डीपी देवांगन, कमल शर्मा, प्रकाश धीवर, राज़ देवांगन, मनीष अग्रवाल, भूपेन्द्र छोटू, लखन साहू, केवल साहू, सहित विभिन्न संघ संगठन के अध्यक्ष और प्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।



#### दशहरा महोत्सव के अब तक का सफर शानदार

रविकांत चंद्राकर ने महोत्सव के अब तक के सफर को शानदार बताते हुए इससे जुड़े लोगो को याद कर इसे कुरूद नगर के लिए ऐतिहासिक बताया। आशीष शर्मा ने भानु चंद्राकर के इस प्रयास की तारीफ करते हुए उन्हें साधुवाद दिया। इसके उपरांत दशहरा महोत्सव समिति द्वारा मंचासीन अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सुप्रसिद्ध गायिका कविता वासनिक को भी रजत जयंती अवसर पर स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।

## अरौद की रामधुनी में चिरपोटी व सेनचुवा अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



ग्राम अरौद में ग्रामवासियों तथा ग्राम विकास समिति के तत्वावधान में तीन दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। रामधुनी के झांकी पक्ष में जय मां खल्लारी रामधुनी मंडली चिरपोटी (कोसमर्रा) कथा प्रसंग परशुराम जन्म प्रथम रहा।

श्रेष्ठ गायन में जय बजरंग रामधुनी मंडली सेनचुवा कथा प्रसंग भरत चरित्र ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। झांकी में द्वितीय नवज्योति रामधुनी मंडली जगन्नाथपुर बालोद, तृतीय पर जय मां सरस्वती रामधुनी मंडली आमदी रही। गायन में द्वितीय जय भारत रामधुनी मंडली दरगहन, स्थान जय दुर्गा रामधुनी मंडली चिरपोटी रही। ग्राम विकास समिति द्वारा रामधुनी स्पर्धा में विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। झांकी की श्रेष्ठ प्रस्तुति पर श्री संगम तिरंगा रामधुनी मंडली सुपेला की प्रस्तुति वीर अभिमन्यु, कथा प्रसंग पर श्री भक्ति सागर रामधुनी मंडली मनौद बालोद सागर मंथन, नृत्य पर जय मां

**रामधुनी से संस्कृति, परंपरा, एकता कायमः विरेंद्र**



शीतला रामधुनी मंडली बिरोंदा (कर्म के लेखा), अनुशासन पर श्री जय भोले लोक संस्कृति रामधुनी मंडली ढोकला (जयंत मोक्ष), वेशभूषा पर श्री विनायक रामधुनी मंडली सरगी (कौशल्या हरण) को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विरेंद्र साहू, जनपद सदस्य नंदनी साहू ने कहा कि ग्रामीण अंचल में रामधुनी स्पर्धा भारतीय संस्कृति, परंपरा एकता को बनाए रखने का एक माध्यम है। मौके पर भाजपा मेघा मंडल अध्यक्ष होरीलाल साहू, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राजेश साहू, भाजपा मंडल महामंत्री संतोष सोनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष योगेश्वर साहू, पूर्व जनपद सदस्य डॉ. रेखाराम साहू, बेलौदी से छन्नूराम साहू, मोतीमपुर पूर्व सरपंच डेमूराम साहू, हेमलाल साहू, कुरूद से योगेश चंद्राकर, प्रकाश शर्मा, भाजपा मेघा मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष राजेश साहू मौजूद थे।

## खल्लारी में रैली निकालकर दिया नशामुक्ति का संदेश



**नगरी।** सुदूर वनांचल क्षेत्र ग्राम खल्लारी में नशा मुक्ति अभियान संकल्प रैली निकाली गई रैली के माध्यम से लोगों से दुर्व्यसनों से बचने की अपील की गई।

नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने वाले प्रेरक बैनर, पोस्टर व नारे लिखी तख्तियां लिए स्कूली के छात्र-छात्राओं ने गांव के मुख्य मार्ग का भ्रमण किया। मां कालिका देवी से क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि के लिए मंगलकामना की गई। इसके बाद रैली विद्यालय में गोष्ठी में परिवर्तित हो गई। गोष्ठी में अतिथि व्याख्याता पोषण पटेल ने कहा कि नशा तन, मन और धन से खोखला करने के साथ पतन का कारण बनता है। प्राचार्य श्रीमती प्रतिमा ध्रुव ने कहा कि नशा समाज और परिवार में विघटन का मूल कारण है। सभी को इससे दूर रहने का संकल्प लेना चाहिए।

इस मौके पर माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक बालकृष्ण सोनबोईर, शिक्षक सुशील चंद्राकर, शिक्षा सेवा प्रदाता पोषण पटेल, विपिन पटेल, योगेश्वरी गंधर्व, मंदिर पुजारी रूपसिंह मरई, अध्यक्ष आर. नेताम, प्रेमबाई परदे सहित काफी लोग मौजूद रहे।

## कंडेल कॉलेज के स्वयंसेवक कांटाकुर्रीडीह में चलायेंगे स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय महाविद्यालय कंडेल के रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा आज से 9 अक्टूबर तक ग्राम कांटाकुर्रीडीह में स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। गौरतलब है कि ग्राम कांटाकुर्रीडीह में प्रदीप मिश्रा की कथा का समापन हुआ। लाखों लोगों ने शिव महापुराण की कथा का श्रवण किया। कथा समापन के बाद पंडाल में पॉलीथिन, डिस्पोजल जैसे कचरों का एकत्रीकरण हो गया है। कंडेल कॉलेज के रासेयो इकाई के 60 स्वयंसेवकों द्वारा दल कार्यक्रम अधिकारी पीतांबर सिन्हा के निर्देशन में कथा स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से जन जागरूकता संबंधी कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। सफाई अभियान में सरपंच सत्यवान ध्रुव का विशेष सहयोग रहेगा। यहां एकत्रित प्लास्टिक कचरों को नगर निगम धमतरी को सौंप दिया जाएगा ताकि इनका उचित निपटान किया जा सके। रासेयो इकाई की इस पहल पर प्राचार्य प्रो. रविशदास ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए देश सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हैं।

चेहरे की चर्बी घटायें
चेहरे की झुर्रियां व चर्बी का वेजर द्वारा ईलाज
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक, 23 दिसंबर से 29 दिसंबर 2024, 02 मई से 08 मई 2025
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

सोनालीका
हैवी ड्यूटी ट्रैक्टर रेंज
5100/- के डाउन पेमेन्ट पर
नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
हैवी ड्यूटी धमाका
DI 730 III
₹4,71,000.*
त्यौहारों का शुभ शगुन
11,011 उपहार*
पूरे देश को जीतने का मौका लकी ड्रॉ द्वारा
*ऑफर 15 अगस्त से 8 नवम्बर 2024 तक
*ऑफर 15 अगस्त से 8 नवम्बर 2024 तक
6TH प्राइज 151 होंडा शाइन^ (100 cc)
4TH प्राइज 111 रॉयल एनफील्ड^
1ST प्राइज 15 सोनालीका टाइगर^ DI 65 CRDS 4WD
2ND प्राइज 17 टाटा पंच कार^
3RD प्राइज 51 25 g सोने के सिक्के^
5TH प्राइज 121 रोटावेटर^(1.82 m)
7TH प्राइज 301 वाशिंग मशीन^ सेमी ऑटोमैटिक
8TH प्राइज 511 LED TV^
9TH प्राइज 1111 मोबाईल फोन^
10TH प्राइज 3511 जूसर मिक्सर^
11TH प्राइज 5111 रिस्ट वॉच^
*नियम एवं शर्तें लागू, ^551 ईनाम का ऑन लाईन लकी ड्रॉ इवेंट अनुमानित दिसम्बर 2024 में छत्तीसगढ़ और झारखंड के लिए आयोजित किया जाएगा। इन ईनामों की अनुमानित कीमत और संख्या ₹11 09 900. तक का 1 ट्रैक्टर, ₹6 12 900. तक की 1 कार, 25 g - 3 GOLD COIN-22 Carat, ₹1 75 000. तक की 5 बुलेट, ₹1 20 000. तक के 5, 6'रोटावेटर, ₹66 000. तक की 6 मोटर साइकिल, ₹12 000. तक की 15 वाशिंग मशीन, ₹10 000. तक की 25 LED TV, ₹8 000. तक के 55 मोबाईल फोन, ₹2 500. तक के 175 जूसर मिक्सर, ₹1 500. तक के 260 रिस्ट वॉच। ईनाम से सम्बन्धित सभी सरकारी लेवी/कर ग्राहक द्वारा वहन किये जाएंगे। ^ऊपर दर्शाये गए ईनाम केवल प्रतिनिधित्व के लिए हैं, मूल ईनाम भिन्न हो सकते हैं।
MVT Tractors (Dhamtari)
(ब्रांच - कुकरेल, नगरी, बोराई, अक्लडोंगरी, नारायणपुर)
Mob. : 9993546452, 6260616267, 9424210131, 9399253083